# उद्योग मंत्री ने की ‘स्वस्थ बेटी अभियान’ की शुरुआत

## चर्चा में क्यों?

24 जनवरी, 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजस्थान की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने अलवर जिले के बानसूर में ‘स्वस्थ बेटी अभियान’ की शुरुआत की।

## प्रमुख बिंदु

- शकुंतला रावत ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बेटियों के लिये अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’, ‘उड़ान योजना’, ‘मुख्यमंत्री कन्यादान योजना’ और ‘मुख्यमंत्री राजश्री योजना’ से समाज के हर वर्ग में बेटियों को सम्मान मिला है।
- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने इस अवसर पर अस्पताल में नवजात बालिका शिशुओं को न्यू बेबी बोर्न किट एवं माताओं को बधाई संदेश पत्र दिया और जनजागरूकता अभियान की पालना में मास्क एवं सेनीटाइजर का वितरण किया।
- इसके साथ ही उन्होंने ‘स्वस्थ बेटी अभियान’ को आगे बढ़ाने हेतु अस्पताल प्रशासन व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं उचित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/industries-minister-launches-swasth-beti-abhiyan